महिला दिवस पर आयोजित कार्यशाला में जल सखियों का सम्मान

राजसमन्द (प्रात:काल संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हिन्दुस्तान जिंक द्वारा वेदांता विहार क्लब दरीबा में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें जल सखियों को उनके अतुलनीय योगदान को सम्मानित किया गया। यह कार्यशाला हिन्दुस्तान जिंक की पेयजल परियोजना के अंतर्गत संचालित की गई, जिसमें स्थानीय महिलाएं आरओ जल शुद्धिकरण संयंत्रों के संचालन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रही हैं। परियोजना के तहत, जल सखियों ने 45 हजार से अधिक लोगों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया और अब तक लगभग 1 करोड़

राजसमंद। हिन्दुस्तान जिंक द्वारा वेदांता विहार क्लब दरीबा में आयोजित कार्यशाला में भाग लेती महिला संभागी।

लीटर पानी की आपूर्ति की। यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समुदाय के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम में आईबीयू सीईओ राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स बलवंत सिंह राठौड, वेदांता हिंदुस्तान जिंक की हेड सीएसआर अनुपम निधि और नीर अमृत के सीईओ भूपेंद्र सिंह ने जल सखियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने जल संरक्षण और स्व%छ पेयजल की महत्ता पर अपने विचार साझा किए और जल सखियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। हिन्दुस्तान जिंक और नीर अमृत की इस संयुक्त पहल का उद्देश्य न केवल जल आपूर्ति को सुलभ बनाना है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना भी है। इस परियोजना के माध्यम से महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं, जिससे वे अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने जल सखियों के समर्पण की सराहना की और इस पहल को और विस्तार देने के संकल्प को दोहराया। हिन्दुस्तान जिंक का यह प्रयास महिला सशक्तिकरण और सतत विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।